

# 11. उद्यान




हमारे गाँव में एक उद्यान है। इसका मुख्य द्वार बहुत सुंदर है। यहाँ रंग-बिरंगे फूल हैं। कई प्रकार के वृक्ष हैं। हरी पत्तियों और फूलों से भरी हुई वृक्षों की डालियाँ बहुत सुंदर लगती हैं। गर्मी में हम इनकी छाया में बैठते

पेड़-पौधे लगायें - प्रदूषण मिटायें।

SCERT TELANGANA




हैं। माली गड्ढे खोदकर पौधे लगाता है। यहाँ हर दिन पेड़ों पर तोते, मैना और कई पक्षी आकर बैठते हैं। उद्यान के बीच में एक फव्वारा भी है। बच्चे यहाँ बड़े आनंद के साथ खेलते हैं। सच है, ऐसे ही उद्यानों से राष्ट्र की शोभा बढ़ती है।

SCERT TELANGANA

## सुनो-बोलो


1. पेड़-पौधों से हमें क्या-क्या मिलता है?
2. अपने मनपसंद पेड़ के बारे में बताइए।



## पढ़ो

**(अ) पढ़िए और समझिए।**

| | |
|---|---|
| क्रम | क् + र + म |
| गर्म | ग + र् + म |
| ट्रक | ट् + र + क |




(आ) शब्दों का उच्चारण कीजिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प्रकार | क्रम | ग्राम | विनम्र | चक्र |
| गर्म | कुर्सी | मिर्च | सूर्य | पर्वत |
| राष्ट्र | ट्रक | ड्रामा | ट्रेन | इंद्रधनुष |



**(इ) नीचे दिए गए शब्द पढ़िए और सही शब्द के नीचे रेखा खींचिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. उधान | उद्यायन | उद्यान | उदयान |
| 2. गडढा | गढा | गडडा | गड्ढा |
| 3. द्वार | द्वर | दवार | द्वरा |
| 4. सुंदर | सुनदर | सुन्दर | सुनदंर |

**(ई) शब्द पढ़िए। संयुक्ताक्षर वाले शब्दों पर '◯' लगाओ। द्वित्वाक्षर वाले शब्दों पर '□' लगाइए।**

**द्वार पत्तियाँ लट्टू राष्ट्र प्यार गुब्बारा गड्ढा बच्चा**

SCERT TELANGANA



## लिखो

(अ) नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों को सही करके लिखिए।

- उदयान हरा-भरा होता है। .................
- भारत महान राषटर है। .................
- वह हवाई अडडा है। .................



(आ) नीचे दिए गए अक्षरों से बननेवाले संयुक्ताक्षर शब्द लिखिए।

| द | ट | प | ड |
|---|---|---|---|
| उदा: उद्‌यान | ............... | ............... | ............... |
| ............... | ............... | ............... | ............... |

(इ) अपने बारे में कुछ वाक्य लिखिए।

उत्तर:...................................
...................................
...................................
...................................
...................................
...................................
...................................
...................................

(ई) अपनी पाठशाला के बारे में लिखिए।

उत्तर:...................................
...................................
...................................
...................................
...................................
...................................
...................................
...................................



| क्या मैं ये कर सकता/सकती हूँ? | हाँ ( ✓ ) | नहीं (×) |
|---|---|---|
| 1. मैं चित्र के बारे में बातचीत कर सकता/सकती हूँ। | | |
| 2. मैं संयुक्ताक्षर वाले शब्द पढ़ और लिख सकता हूँ। | | |
| 3. मैं इन वर्णों से बने शब्द व वाक्य बिना देखे लिख सकता/सकती हूँ। | | |
| 4. मैं संकेत के आधार पर चित्र बनाकर उसके बारे में बता सकता/सकती हूँ। | | |

SCERT TELANGANA